## 10 (14/18/118) SH. BHARAT BHUSHAN BATRA (ROHTAK)

Will the Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the Government has announced an amount of Rs.25 Crores for the construction of roads in Rohtak Assembly Constituency: if so, the number of roads for which the construction work has been completed from the said amount togetherwith the number of roads on which the work is going on as well as the present status thereof;

b) The present status of the following roads in Rohtak City:-

i) drain near new bus stand;

ii) elevated road from Ambedkar Chowk to old bus stand;

iii) road from MDU Gate no.2 to Ambedkar Chwok;

iv) road from Vita Chowk to by-pass of National Highway; and

c) The time by which the construction work of above mentioned roads is likely to be completed?

---------------------------------

## DUSHYANT CHAUTALA, DEPUTY CHIEF MINISTER, HARYANA

a) Yes Sir, Government has approved an amount of Rs 2578.42 Lacs for the improvement of 6 number roads in Rohtak Assembly Constituency. All 6 works have been allotted, out of which 5 works will be completed by 30-04-2024 and $6^{th}$ road (**Road from Vita Chowk to bypass of National Highway)** is recently badly damaged/settled due to leakage of sewerage line of PHE Department and construction of sewer line for STP by Municipal Corporation, Rohtak. Reconstruction work has to be done after completion of repair of sewer line by PHE department and Municipal Corporation, Rohtak

b & c) The present status of the roads in Rohtak City is as under:-

i) **Drain near new bus stand**:- A drain in a length of 500 mtr is proposed near bus stand as per public demand. Rough cost estimate amounting to Rs. 68.46 lacs has been submitted to Govt. vide U.O No. 5882 dated 10/01/2024 for arranging administrative approval. The work will be taken after receipt of administrative approval from Govt.

ii) **Elevated road from Ambedkar Chowk to Old Bus stand**:- The condition of this road is satisfactory. The road is out of DLP and maintained by routine patchwork. The special repair of this road is proposed in work programe 2024-25.

iii) **Road from MDU Gate No.2 to Ambedkar Chowk:-**The condition of this road is satisfactory. The road is out of DLP and maintained by routine patchwork. The special repair of this road is proposed in work programe 2024-25.

iv) **Road from Vita Chowk to bypass of National Highway**:- The existing width of this road is four laned (2 x 8.75 mtr). The condition of one side (8.75mtr.) of this road is not satisfactory due to leakage of sewerage line which is under repair by Municipal Corporation, Rohtak. The another side (2 lane) of this road is in satisfactory condition and traffic is running smoothly. Administrative approval of this work has been received from Govt. vide memo No. 09/98/2023-3 B&R (W) date 18/02/2023 amounting to Rs.239.52 Lacs for wearing coat i.e. 30mm BC layer and work was allotted (As part of Rs.25 Crore works). However now due to settlement of sewer line, only wearing coat i.e. 40mm BC layer is not sufficient and reconstruction is required. The work will be executed after completion of repair work of sewer line by PHE Department and Municipal Corporation, Rohtak.

**10 14/18/118 श्री भारत भूषण बत्रा (रोहतक) : -**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:

(क) क्या यह तथ्य है कि रोहतक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सरकार द्वारा सड़कों के निर्माण के लिए रूपये 25 करोड़ की राशि घोषणा की गई है; यदि हां, तो सड़कां की संख्या कितनी है जिनका निर्माण कार्य उक्त राशि से पूरा किया गया है तथा उन सड़कों की संख्या कितनी है जिन पर कार्य चल रहा है तथा उनकी वर्तमान स्थिति क्या हैः-

(ख) रोहतक शहर में निम्न सड़कों की वर्तमान स्थिति क्या है:-

**(i)** ड्रेन नजदीक नए बस स्टैंड;

**(ii)** अम्बेडकर चौक से पुराना बस स्टैंड की एलिवेटेड रोड;

**(iii)** एमडीयू गेट संख्या 2 से अंबेडकर चौक तक की सड़क;

**(iv)** वीटा चौक से राष्ट्रीय राजमार्ग के बाईपास तक की सड़क; तथा

(ग) उक्त वर्णित सडको का निर्माण कार्य कब तक पूरा किये जाने की संभावना है**?**

------------------------------------------

## दुष्यंत चौटाला, उप-मुख्यमंत्री, हरियाणा

(क) हाँ महोदय, सरकार ने रोहतक विधानसभा क्षेत्र में 6 सड़कों की सुधारीकरण के लिए 2578.42 लाख रुपये की राशि की स्वीकृति दी है। सभी 6 कार्य आवंटित कर दिए गए हैं, जिनमें से 5 सड़कों का काम 30/04/2024 तक पूरा हो जाएगा और छठी सड़क (वीटा चौक से राष्ट्रीय राजमार्ग के बाईपास तक की सड़क) हाल ही में जन स्वास्थ्य विभाग की सीवरेज लाइन के रिसाव और नगर निगम, रोहतक द्वारा एस.टी.पी. के लिए सीवर लाइन के निर्माण के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त/धस गई है। जन स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम, रोहतक द्वारा सीवर लाइन की मरम्मत का कार्य पूरा होने के बाद पुनर्निर्माण कार्य किया जाना है|

(ख और ग) रोहतक शहर में सड़कों की वर्तमान स्थिति इस प्रकार है:-

(i) **नए बस स्टैंड के पास नाला:-** जनता की मांग के अनुसार बस स्टैंड के पास 500 मीटर की लंबाई में एक नाला प्रस्तावित है। जिसकी अनुमानित लागत राशि रु. 68.46 लाख रुपए हैं जो कि सरकार को प्रशासनिक स्वीकृति हेतु यू.ओ. संख्या 5882 दिनांक 10/01/2024 से भेजा जा चुका है । सरकार से प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त होने उपरांत कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

(ii) **अम्बेडकर चौक से पुराने बस स्टैंड तक एलिवेटेड** सड़कः- इस सड़क की स्थिति संतोषजनक है। सड़क दोष दायित्व अवधि से बाहर है तथा इस सड़क का रख रखाव नियमित पैचवर्क द्वारा किया जा रहा है । इस सड़क की विशेष मरम्मत का कार्य कार्यक्रम 2024-25 में प्रस्तावित है।

(iii) **एमडीयू गेट नंबर 2 से अंबेडकर चौक तक सड़क:-** इस सड़क की स्थिति संतोषजनक है। सड़क दोष दायित्व अवधि से बाहर है तथा इस सड़क का रख रखाव

नियमित पैचवर्क द्वारा किया जा रहा है । इस सड़क की विशेष मरम्मत का कार्य कार्यक्रम 2024-25 में प्रस्तावित है।

(iv) **वीटा चौक से राष्ट्रीय राजमार्ग के बाईपास तक सड़क:-** इस सड़क की मौजूदा चौड़ाई चार लेन (2 x 8.75 मीटर) है। इस सड़क के एक तरफ (8.75 मीटर) की स्थिति सीवरेज लाइन के रिसाव के कारण संतोषजनक नहीं है, जिसकी मरम्मत नगर निगम, रोहतक द्वारा की जा रही है। इस सड़क की दूसरी तरफ (2 लेन) संतोषजनक स्थिति में है और यातायात सुचारू रूप से चल रहा है। (रु० 25 करोड़ के हिस्से के रूप में) सरकार द्वारा **3**0 मिलीमीटर की बी० सी० बिछाने की प्रशासनिक स्वीकृति पत्र कर्मांक न० 09/98/2023-3 बी एंड आर (डब्लू) दिनांक 18/02/2023 के तहत रु० **239.**52 लाख की प्राप्त हो चुकी है और यह कार्य अलाट हो चुका है हालाँकि अब सीवर लाइन के धसने के कारण यानी 40 मिलीमीटर बीसी परत बिछाना पर्याप्त नहीं है और सड़क के पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। यह जनस्वास्थ विभाग और नगर निगम, रोहतक द्वारा सीवर लाइन की मरम्मत का कार्य पूरा होने के बाद पूर्ण कर दिया जाएगा।